## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–31.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन पत्र वापस लेने की कल अंतिम तिथि। इस चरण के लिए 634 उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया।

2. चुनाव में धन बल पर अंकुश लगाने के लिए जांच अभियान तेज।

3. मतदान की घोषणा के बाद से अब तक राज्य के विभिन्न इलाकों से 121 करोड़ से अधिक के सामान और नगद राशि करामद की गई।
4. झारखंड समेत देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है दीपावली का त्योहार।

********************

झारखंड में दूसरे चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी का कल आखिरी दिन है। इस चरण के लिए छह सौ चौंतीस उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है। दूसरे चरण के लिए 20 नवंबर को अड़तीस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा, जबकि पहले चरण के लिए 13 नवंबर को तैंतालीस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि 2019 के विधानसभा चुनाव से इस बार अधिक प्रत्याशी मैदान में हैं। इन बढ़े प्रत्याशियों के लिए निर्वाचन आयोग के पास पर्याप्त इवीएम हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। वहीं दूसरे चरण के लिए स्क्रूटनी की गयी। कुछ जिलों में प्रत्याशियों को सूचना देने के लिए कल दिन के 11 बजे बुलाया गया है। उसके बाद स्पष्ट हो जाएगा कि नामांकन किये कितने प्रत्याशियों के नामांकन दुरुस्त मिले हैं।

********************

राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक करीब 121 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध सामान और नकदी जब्त की गयी है।

********************

रांची पुलिस ने नामकुम थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल में छापेमारी के दौरान लगभग एक करोड़ 15 लाख रूपये बरामद किया। रांची के उपायुक्त वरुण रंजन और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि विधानसभा चुनाव के स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त संपन्न कराये जाने को लेकर लगातार की जा रही कार्रवाई के दौरान स्कूल में छापेमारी की गई थी। स्कूल परिसर में चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने एवं मतदान में धन–बल का उपयोग करने के उद्देश्य से नकद रूपया छुपाकर रखा गया था, जो आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है।

********************

विधानसभा चुनाव को लेकर धनबाद, हजारीबाग, देवघर समेत राज्य की कई जेलों में छापेमारी की गई। उधर पाकुड़ के उपायुक्त मनीष कुमार और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के नेतृत्व में पाकुड़ जेल में छापेमारी की गई। इधर गिरिडीह, साहिबगंज, जामताड़ा जेल में भी छापेमारी की गई। हालांकि कहीं से कोई आपत्तिजनक सामान की बरामदगी नहीं हुई है।
वहीं दूसरी ओर राजधानी रांची में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान लोगों से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गई।

********************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार नवंबर को झारखंड में चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। पार्टी के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने पत्रकारों को बताया कि श्री मोदी चार नवंबर को

गढ़वा और चाईबासा में दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। श्री मोदी से पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन नवंबर को झारखंड में तीन सभाओं को संबोधित करेंगे।
चाईबासा में एक कार्यक्रम के दौरान श्री सरमा ने कहा कि–जनजातीय हो भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने पर भाजपा का जोर रहेगा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी ने आज लौह पुरूष सरदार वल्लाभभाई पटेल की जयंती पर गुजरात के केवड़िया में राष्ट्री य एकता दिवस समारोह में भाग लिया। उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पां4जलि अर्पित की और उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

*******************

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तहत पेंशन और पेंशनर कल्याोण विभाग ने केन्द्रे सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते और राहत की तीन प्रतिशत अतिरिक्तआ किस्त अधिसूचित कर दी है। यह इस वर्ष एक जुलाई से प्रभावी होगी। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने तीन प्रतिशत अतिरिक्त किस्त की मंजूरी दी थी। इसके बाद महंगाई भत्ता मूल वेतन या पेंशन के 50 प्रतिशत से बढकर 53 प्रतिशत हो जाएगा।

*******************

द इंस्टीच्यूट ऑफ चार्टर अकाउंट ऑफ इंडिया नई दिल्ली ने आईसीएआर ने सितंबर दो हजार चौबीस में आयोजित सीए इंटरमीडिएट और सीए फाउंडेशन परीक्षा कर रिजल्ट घोषित कर दिया। रांची परीक्षा केंद्र से सीए इंटरमीडिएट के दोनों ग्रुप के कुल सात प्रथम ग्रुप में 40 और दूसरे ग्रुप में इक्कीस परीक्षार्थियों ने सफलता हासिल की। सीए इंटरमीडिएट में रांची की आयुषी गोपालका पहले स्थान पर रहीं, उसने देशभर में दसवां स्थान प्राप्त किया।

*******************

दक्षिण मध्य रेलवे दीपावली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए 8 सौ 50 से अधिक विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। त्योहारों के दौरान भीड़–प्रबंधन और यात्रियों की सुविधा के लिए भी व्यापक प्रबंध किये गए हैं। सिकंदराबाद, हैदराबाद, कांचीगुड़ा, विजवाड़ा और तिरुपति जैसे प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर कमान और नियंत्रण केंद्र के अलावा अतिरिक्त बुकिंग काउंटर और हेल्पडेस्क बनाए गए हैं। सुरक्षा प्रबंधन के लिए राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की भी तैनाती की गई है।

*******************

झारखंड सहित देश भर में आज दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संपूर्ण देशवासियों को अंधेरे पर उजाले की विजय के महापर्व दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी दीपावली की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी। इधर राज्यपाल संतोष गंगवार और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी दीपावली और सोहराय पर्व की लोगों को शुभकामनाएं दी।

इधर जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में दीपावली की पूर्व संध्या पर अयोध्या की तर्ज पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सूर्य मंदिर व आसपास के क्षेत्र को रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया।

*******************

मौसम विभाग ने रांची, कोडरमा और गिरिडीह समेत राज्य के 13 जिलों में आज बारिश का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि पलामू, गढ़वा और लातेहार समेत कुछ जिलों को छोड़कर अन्य हिस्सों में आज हल्की बारिश हो सकती है।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रांची के निजी स्कूल से छापेमारी में एक करोड़ से अधिक रुपये मिलने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया ळें

हिन्दुस्तान और प्रभात खबर की सुर्खी है– नामकूम के निजी स्कूल में छापा, सवा करोड़ जब्त।

दैनिक भास्कर ने चुनाव आयोग की रिपोर्ट की खबर को पहले पन्ने पर जगह देते हुए लिखा है पहले चरण के लिए छह सौ 85 उम्मीदवार मैदान में।

दैनिक जागरण ने भाजपा झारखंड के सह चुनाव प्रभारी हिमन्ता बिस्वा सरमा की घोषणा– भाजपा की सरकार बनते ही सरना धर्म कोड होगा लागू को सुर्खी बनाई है।

*******************